# पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

E-Mail : rsuexam@gmail.com

क्रमांक2342/परीक्षा/पूरक/समय–सारणी/2021 रायपुर,दिनांक 02/11/2021

प्रति,

**प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष,**
समस्त संबंधित महाविद्यालय केन्द्र/उप केन्द्र,
पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

**विषय :– पूरक परीक्षा–2021 की समय सारणी।**

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालयीन **पूरक परीक्षा अक्टुबर–नंवबर 2021** में आयोजित होने वाले स्नातक स्तर अमहाविद्यालयीन/भूतपूर्व परीक्षाओं के लिए समय–सारणी (Time Table) घोषित की जा रही हैं। जिसमें परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु समय–सारणी विश्वविद्यालय के वेबसाइट **www.prsu.ac.in** में उपलब्ध हैं, जहाँ से अवलोकन एवं प्रिन्ट किया जा सकता हैं। **कृपया विसंगति होने पर तत्काल सूचित करने का कष्ट करें।**

टीपः–

1. आगामी समस्त परीक्षाएँ विश्वविद्यालय द्वारा जारी की जा चुकी समय–सारणी के अनुसार ही आयोजित होंगे।
2. परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक उत्तर–पुस्तिकाओं का वितरण परीक्षा केन्द्र के माध्यम से किया जावेगा, जो परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र नहीं पहुँच सकते वे विश्वविद्यालय के वेबसाइट से उत्तर–पुस्तिका का मुख्य पृष्ठ डाउनलोड कर 32 पृष्ठ उत्तर–पुस्तिका निर्माण स्वयं कर सकता है।
3. परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र उनके परीक्षा के दिन दोपहर 12.00 बजे ऑनलाइन माध्यम से प्रेषित किया जावेगा। परीक्षार्थी प्राप्त प्रश्नों का उत्तर उसी दिन लिखकर अपने परीक्षा केन्द्र में जमा करेंगे अथवा दूसरे दिन दोपहर 12.00 बजे के पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में भौतिक उपस्थिति के साथ या डाक के माध्यम से जमा करेंगे। परीक्षा के दूसरे दिन अवकाश की स्थिति में भी परीक्षा केन्द्रों में उत्तर–पुस्तिका को जमा करने की व्यवस्था होगी।
4. परीक्षार्थियों द्वारा जमा किये गये उत्तर–पुस्तिकाओं को परीक्षा केन्द्र प्रभारी उसी दिन महाविद्यालय में मूल्यांकन कराएंगे और मूल्यांकित अंको को विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त Online Portal पर इंद्राज करेंगे।
5. सभी परीक्षा कार्य कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु शासन द्वारा जारी किये गये दिशा–निर्देशों के पालन के साथ सम्पन्न होगा।
6. अन्य दिशा–निर्देश गत परीक्षाओं में विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये गये दिशा–निर्देशों के अनुरूप होगा।

आदेशानुसार

2.11.21

**कुलसचिव**

पृ.क्रमांक2343/परीक्षा/पूरक/समय–सारणी/2021 रायपुर,दिनांक 02/11/2021

**प्रतिलिपिः–**

1. राज्यपाल के सचिव, राजभवन, रायपुर, (छ०ग०)।
2. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर,492002 (छ०ग०)।
3. आयुक्त,उच्च शिक्षा, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय तल,इन्द्रावती भवन,अटल नगर,नवा रायपुर, 492002 (छ०ग०)
4. जिलाधीश, रायपुर,, बलौदाबाजार –भाटापारा, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी।
5. पुलिस अधीक्षक, रायपुर,, बलौदाबाजार –भाटापारा, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी।

क्रमशः..02